# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


## Jan Jatiya Gaurav Diwas 2022-23


**कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय**
**जिला–अनूपपुर (म0प्र0)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**e-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎ 9425844318


क्रमांक /2072/ स्था. / 2022 अनूपपुर दिनांक 17-11-2022

प्रति,

अतिरिक्त संचालक

उच्च शिक्षा रीवा , संभाग रीवा (म.प्र.)।

विषयः- दिनांक 15नवंबर 2022 को बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत बावत।

संदर्भः- विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/1487/302 /आ.उ.शि./शा-5 'अ'/2022 भोपाल, दिनांक 11.11.2022

महोदय,

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुपालन में लेख है कि आदिवासी समाज के नायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस के अवसर पर "जनजातीय गौरव दिवस" के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के विभिन्न विद्यार्थियों से 'आदिवासी सांस्कृतिक विरासत' एवं आदिवासी समाज के नायक बिरसा मुंडा पर आधारित आलेख आमंत्रित किए गए तथा बिरसा मुंडा जी की जीवनी के संबंध में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्रतिवेदन सादर प्रस्तुत है।

प्राचार्य

शास0 तुलसी महावि0 अनूपपुर

जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

PRINCIPAL

Govt. Tulsi College Anuppur

Distt. Anuppur (M.P.)




Jaithari Road Anuppur, District- Anuppur, Madhya Pradesh, Pin Code:- 484224 www.gtcanuppur.ac.in

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404




**"जनजातीय गौरव दिवस" समारोह**

**भगवान बिरसा मुंडा जयंती**

**दिनांक 15 नवंबर 2022**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## प्रतिवेदन

**जनजातीय क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में व्याख्यान का आयोजन-**

आदिवासी समाज के नायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा जी की जीवनी के संबंध में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। "जनजातीय गौरव दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के.संत ने की। अध्यक्ष महोदय द्वारा बिरसा मुंडा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में शास. कन्या महाविद्यालय अनूपपुर के प्रो. राघवेंद्र सिंह , डॉ. रमा नायडू एवं तुलसी महाविद्यालय के डॉ. योगेश तिवारी ने अपने व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा जी के व्यक्तित्व तथा भारतीय इतिहास और संस्कृति में जनजातीयों के विशेष योगदान से अवगत कराया। मुख्य अतिथि डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय),डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ( विभागाध्यक्ष गणित) एवं प्रो विनोद कुमार कोल के साथ ही महाविद्यालय परिवार के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ इस समारोह में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनएसयूआई छात्र संजय कुमार सोनी एवं महाविद्यालय के छात्र प्रियांशु अग्रवाल ने जनजातीय गौरव दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. जे.के. संत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बिरसा मुंडा जी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अपने जीवन को सार्थक बनाने की सीख दी।

इस अवसर पर महविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों से 'आदिवासी सांस्कृतिक विरासत' एवं आदिवासी समाज के नायक बिरसा मुंडा पर आधारित आलेख आमंत्रित किए गए थे। जिनमें से **मुस्कान पनिका (एम .ए. प्रथम सेमे. राजनीतिशास्त्र) ने प्रथम , अनुष्का रावत (बी.ए. द्वितीय वर्ष ) ने द्वितीय एवं किशन आर्मो (एम .ए. प्रथम सेमे. राजनीतिशास्त्र) ने तृतीय स्थान** प्राप्त किया। श्रेष्ठ तीन आलेखों के लिए इन विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

आज के इस जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो.प्रीति वैश्य तथा सहसंयोजक डॉ. आकांक्षा राठौर सहित डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव एवं सुश्री प्रज्ञा तिवारी डॉ. भावना सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया।

2

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404








3

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404





PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404






**प्रचार – प्रसार**

**College facebook Link – Gtc Anoopur**

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid0VCuf4EPZSo4ifMJfkTrS1Sqb4JKQsYLvBeGjLrPyCNmWzdmHte87cucB9QgC43Rfl&id=100045502399397

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid02m9NTbMgWpdFSAbMikYwtasEfT1ExpghzY2u8RTBTsvWL6Y2JkDhcRVd43cKyEW37l&id=100045502399397

संयोजक
संयोजक
सांस्कृतिक समिति
सांस्कृतिक समिति
शा० तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर (म.प्र.)

प्राचार्य
PRINCIPAL
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)



Jaithari Road Anuppur, District- Anuppur, Madhya Pradesh, Pin Code:- 484224 www.gtcanuppur.ac.in